प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

18 जनवरी 2023

तिमाही सेवाएं और मूलभूत सुविधा संभावना सर्वेक्षण (एसआईओएस) के 36वें दौर की शुरुआत – 2022-23 की चौथी तिमाही

भारतीय रिज़र्व बैंक ने जनवरी-मार्च 2023 की संदर्भ अवधि के लिए तिमाही सेवाएं और मूलभूत सुविधा संभावना सर्वेक्षण (एसआईओएस) के 36वें दौर की शुरुआत की। यह सर्वेक्षण मांग स्थितियों, वित्तीय स्थितियों, रोजगार स्थितियों तथा मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों के समूह पर गुणवत्तापूर्ण प्रत्युत्तरों के आधार पर भारत में सेवाओं और मूलभूत सुविधा क्षेत्र की चुनिंदा कंपनियों की वर्तमान तिमाही (2022-23 की चौथी तिमाही) के लिए कारोबारी स्थिति तथा आगामी तिमाही (2023-24 की पहली तिमाही) के लिए उनकी संभावना का आकलन करता है। प्रमुख मापदंडों पर एक अतिरिक्त ब्लॉक बाद की दो तिमाहियों (2023-24 की दूसरी तिमाही और 2023-24 की तीसरी तिमाही) के लिए सेवाओं और मूलभूत सुविधा क्षेत्र की कंपनियों की संभावनाओं को दर्शाता है।

2. 34वें दौर अर्थात् 2022-23 की दूसरी तिमाही के लिए परिणाम 30 सितंबर 2022 को सार्वजनिक डोमेन में जारी किए गए थे। 35वें दौर के सर्वेक्षण के परिणाम शीघ्र ही जारी किए जाएंगे।

3. मेसर्स हंसा रिसर्च ग्रुप प्राइवेट लिमिटेड को जनवरी-मार्च 2023 तिमाही के लिए सर्वेक्षण करने हेतु भारतीय रिज़र्व बैंक की ओर से प्राधिकृत किया गया है। यद्यपि, एजेंसी चुनिंदा कंपनियों से संपर्क करेगी, लेकिन सेवा और मूलभूत सुविधा क्षेत्र की अन्य कंपनियों को भी प्रोत्साहित किया जाता है कि वे बैंक की वेबसाइट से सर्वेक्षण प्रश्नावली, जिसे 'फार्म' शीर्ष (भारतीय रिज़र्व बैंक के होम पेज पर बिल्कुल नीचे 'अन्य लिंक' देखें) और 'सर्वेक्षण' उपशीर्ष में रखी गई है, डाउनलोड करके इस सर्वेक्षण में भाग लें। विधिवत भरी हुई प्रमाणित सर्वेक्षण प्रश्नावली इसमें दिए गए संपर्क ब्यौरों के अनुसार ई-मेल द्वारा भेजी जा सकती है।

4. प्रतिक्रिया देने वालों की पहचान नहीं बताई जाती है।

5. किसी भी प्रश्न/ स्पष्टीकरण के लिए, कृपया हमें निम्नलिखित पते पर संपर्क करें:

निदेशक,
उद्यम सर्वेक्षण प्रभाग,
सांख्यिकी और सूचना प्रबंध विभाग,
भारतीय रिज़र्व बैंक, सी-8, दूसरी मंजिल,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स,
बांद्रा (पूर्व), मुंबई-400051,
फोन: 022-26578664, 022-26572197
कृपया ई-मेल भेजने के लिए यहां क्लिक करें।

रूपांबरा
निदेशक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/1572